शुक्रवार
14 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



पत्नी का इलाज कराने जा रहे कंपाउंडर की सड़क दुर्घटना में मौत 2

## खबरें फटाफट

### हजरत मौलाना राबे हसनी नदवी का देहांत



**लखनऊ।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना राबे हसनी नदवी का गुरुवार को देहांत हो गया। मौलाना राबे हसनी नदवी की लंबे समय से तबीयत खराब थी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष को इलाज के लिए रायबरेली से लखनऊ लाया गया था। उन्होंने लखनऊ के डालीगंज स्थित नदवा मदरसे में 93 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। मौलाना राबे हसनी नदवी एक भारतीय इस्लामिक विद्वान थे, जो ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष और लखनऊ स्थित- धार्मिक शिक्षा के एक महत्वपूर्ण केंद्र- नदवतुल उलेमा के अध्यक्ष थे। उन्हें नियमित रूप से दुनिया के 500 सबसे प्रभावशाली मुसलमानों में सूचीबद्ध किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में घोटाला ही घोटाला था : प्रियंका



**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को बीजेपी पर तीखा हमला बोला। राज्य की कांग्रेस नीत भूपेश बघेल सरकार की ओर से आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में जनता को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यहां 15 साल पहले घोटाले पर घोटाले हुआ करते थे। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर लोगों की जमीन हड़पने का भी आरोप लगाया। इसी के साथ प्रियंका ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पांच वर्षों में जनता का गौरव वापस लाई है। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, "इससे पहले 15 साल आपने बीजेपी का शासन देखा। आपने उन पर पर भरोसा किया लेकिन वे इस पर खरे नहीं उतरे। यहां डर, भूख और बड़ा भ्रष्टाचार था। आपकी जमीन छीन ली गई। आपको हथकड़ी लगा दी गई। यहां घोटाले पर घोटाले थे।

उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी था असद अहमद, वारदात के बाद से था फरार

# एनकाउंटर@झांसी: माफिया अतीक के बेटे व उसके सहयोगी को पुलिस ने मार गिराया

- एसटीएफ का दावा- असद और गुलाम के पास से बरामद हुए हैं विदेशी हथियार
- उमेश पाल हत्याकांड में दोनों पर पांच लाख रुपये का घोषित था इनाम

**एजेंसी/झांसी**

उमेश पाल हत्याकांड में फरार माफिया अतीक अतीक के बेटे असद और उसके सहयोगी गुलाम को यूपी एसटीएफ ने झांसी में एनकाउंटर में मार गिराया। दोनों पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ का दावा है कि इनके पास से विदेशी हथियार बरामद हुए हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने दोनों के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि की है। दरअसल, उमेश पाल हत्याकांड के बाद असद और गुलाम बाइक पर बैठकर कानपुर पहुंचे। कानपुर से बस में बैठकर दोनों नोएडा डीएनडी गए। वहां पहले से मौजूद कुछ लोग ने दोनों को ऑटो में बैठाकर दिल्ली के संगम विहार पहुंचाया। दिल्ली के संगम विहार में असद और गुलाम करीब 15 दिन तक रुके थे। इसके बाद दोनों अजमेर गए और वहां भी कुछ दिन रुके। अजमेर से दोनों झांसी पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि झांसी में पुलिस चैकिंग के दौरान बाइक सवार दोनों युवकों ने भागने के कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग की। इसके बाद दोनों को एनकाउंटर में मार गिराया। यूपी एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि हमारे पास जानकारी थी कि उनके पास परिष्कृत अत्याधुनिक हथियार हैं। ये यूपी पुलिस और एसटीएफ के लिए जरूरी केस था क्योंकि एक केस में एक मुख्य गवाह जिसे यूपी पुलिस ने सुरक्षा प्रदान की थी उसकी हत्या कर दी गई थी।



### अतीक समेत नौ पर दर्ज है केस

गौरतलब है कि वर्ष 2005 में बहुजन समाज पार्टी विधायक राजू पाल की हत्या के मामले में प्रमुख गवाह रहे उमेश पाल और उसके दो सुरक्षा गार्ड की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 25 फरवरी को अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, असद सहित दो बेटों, शूटर गुड्डू मुस्लिम और गुलाम व नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

**कोर्ट रूम में गश खाकर गिरा अतीक:** बेटे के एनकाउंटर की जानकारी पाकर अतीक अहमद प्रयागराज स्थित कोर्ट रूम में गश खाकर बैठ गया। उसे चक्कर आ रहा था और उसकी तबीयत बिगड़ गई था। अतीक का भाई अशरफ भी शांत होकर खड़ा था। अतीक की आंख से आंसू गिर रहे थे।

### यूपी से गुंडे-माफिया और अपराधियों को खत्म करेंगे: डिप्टी सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने असद एनकाउंटर पर प्रतिक्रिया देते हुए यूपी एसटीएफ की सराहना की है। इस एनकाउंटर के बाद कानून व्यवस्था को लेकर सीएम ने बैठक बुलाई है। इस पूरे मामले मुख्यमंत्री के सामने रिपोर्ट रखी गई है।

वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- हमारा संकल्प है कि हम उत्तर प्रदेश से गुंडे माफिया और अपराधियों को खत्म करेंगे। कोई भी ऐसा अपराधी जो अपराध करेगा वो प्रदेश में खुला नहीं घूमेगा। उत्तर प्रदेश कानून के माध्यम से सजा दिलाने में पहले नंबर पर है। यहां कोई भी अपराधी अपराध करके बच नहीं पाएगा।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था को अगर देखना हो और सामान्य नागरिक कैसे अपने को सुरक्षित महसूस करता है यह देखना हो तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को योगी जी से सीख लेनी चाहिए।

असद एनकाउंटर के संबंध में उमेश पाल की पत्नी ने कहा, सीएम ने जो किया है वो ठीक किया है, उन्होंने हमारे सुहाग के कातिलों को सजा दिलायी है। इंसाफ तो हुआ ही है, हम मांग करेंगे कि इंसाफ आगे भी हो। हम माननीय मुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा करते हैं। प्रशासन हमें न्याय दिला रहा है। उन्हें (उमेश पाल) की आत्मा को शांति मिल जाएगी। मैं माननीय मुख्यमंत्री का धन्यवाद करती हूं।

### आधा दर्जन शूटरों की अगुवाई कर रहा था क्रिमिनल असद

6 महीने पहले जुर्म की दुनिया में कदम रखने वाले असद पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं था। लेकिन 24 फरवरी को प्रयागराज की सड़क पर उमेश पाल की दिनदहाड़े हत्या के बाद असद अहमद यूपी का मॉस्टवांटेड क्रिमिनल बन गया। पुलिस की पड़ताल में पता चला कि असद ही आधा दर्जन शूटरों की अगुवाई कर रहा था। हत्याकांड के बाद से असद फरार हो गया और उसकी तलाश में यूपी पुलिस की एसटीएफ नेपाल तक खाक छान आई थी। असद का फरार हो जाना यूपी पुलिस और प्रशासन के लिए शर्मिंदगी की बात थी। असद ने राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की दिन-दहाड़े हत्या करके पुलिस के इकबाल पर सवाल खड़ा कर दिया था। उमेश पाल हत्याकांड में अतीक के बेटे असद के अलावा अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर पर डीजीपी से ढाई-ढाई लाख का इनाम रखा था।

### दोनों भाइयों के जेल जाने के बाद असद चला रहा था गिरोह

पिता और चाचा की गैरमौजूदगी में अतीक के दो बड़े बेटे उमर और अली पिछले कुछ सालों से गिरोह चला रहे थे, उस समय असद पढ़ाई कर रहा था। पुलिस को शक था कि असद ने उमेश पाल की हत्या की योजना बनाने के लिए जेल से अतीक और अशरफ से सलाह ली थी। साल 2018 में अतीक का सबसे बड़ा बेटा उमर सुर्खियों में आया था। उस समय उमर ने लखनऊ में एक प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल का अपहरण किया था। मोहित जायसवाल का अपहरण करके उमर उसे देवरिया जेल ले गया था, उस समय अतीक अहमद इसी जेल में बंद था। अतीक के दूसरे नंबर के बेटे अली के खिलाफ भी हत्या के प्रयास और जबरन वसूली के मामले दर्ज हैं। दोनों भाइयों ने जुलाई में पकड़े जाने और एंकाउटर के डर से आत्मसमर्पण कर दिया था। यूपी पुलिस को संदेह है कि दोनों भाइयों के सरेंडर करने के बाद असद ने गिरोह की बागडोर संभाली।

## ...तो बिहार में भी अपराधियों का एनकाउंटर होगा : सम्राट चौधरी

**केटी न्यूज/पटना**



यूपी के झांसी में माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद व उसे सहयोगी शूटर गुलाम मोहम्मद के एनकाउंटर के बाद अब बिहार में भी एनकाउंटर की मांग होने लगी है। बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पटना में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में बड़ा बयान दिया। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में बीजेपी की सरकार बनेगी तो यहां भी अपराधियों का एनकाउंटर होगा। बिहार में कोई अपराधी बाहर नहीं निकलेगा। इसकी गारंटी लेता हूं।

इसके पहले सरदार पटेल सामाजिक एकता परिषद के द्वारा सम्राट चौधरी का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि त्रिवेणी संगम की कल्पना हमारे समाज के पुरोधा ने की। 1994 में लव कुश की स्थापना हुई। आज यह जानना पड़ेगा कि गांधी मैदान में लव कुश समाज आए तो गाली कौन देता था? लव कुश को क्या नहीं कहा गया?

## जीतन राम मांझी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**केटी न्यूज/दिल्ली**

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को लेकर बिहार में सियासी पारा चढ़ा हुआ है। वहीं, मुलाकात के बाद मांझी ने कहा कि एनडीए में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता है।

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अमित शाह से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मैंने नीतीश कुमार के साथ रहने का संकल्प लिया है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार में प्रधानमंत्री बनने के सारी योग्यता है। वे ईमानदारी से विपक्ष को एकजुट करने में जुटे हैं।

बता दें कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम के संरक्षक जीतन राम मांझी की अमित शाह से मुलाकात को लेकर सियासी गलियारों में अटकलें तेज हैं। यह मुलाकात नीतीश कुमार को टेंशन भी दे सकती है क्योंकि जीतन राम मांझी भी पलटी मारने में कभी देरी नहीं करते हैं। कई बार ऐसा कर चुके हैं. साथ ही जीतन राम मांझी शराबबंदी कानून पर सवाल उठाते रहे हैं। बार-बार बोलते हैं कि दलित पिछड़ों को इस शराबबंदी कानून के तहत जेल में डाला गया।

## नेपाल में हुए सड़क हादसे में बिहार के पांच युवकों की मौत

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

नेपाल के काठमांडू में सड़क हादसे में समस्तीपुर के पांच युवकों की मौत हो गई। मृतकों में तीन वारिसनगर और दो कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन नेपाल के काठमांडू रवाना हो गए, जहां पुलिस की कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज गुरुवार (13 अप्रैल) की सुबह सभी 5 शवों को गांव लाया गया. शव आते ही गांव में मातम पसर गया।

मृतकों की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के फुलहारा गांव निवासी मोहन सिंह के पुत्र मृत्युंजय कुमार उर्फ गब्बर, भागीरथपुर के वार्ड नंबर-8 निवासी अभिषेक कुमार ठाकुर, मथुरापुर ओपी थाना क्षेत्र के राजेश कुमार सिंह, विकास नगर के मुकेश चौधरी, कल्याणपुर चौक स्थित मधु ज्वेलर्स के संचालक और पूसा बिरौली निवासी धर्मेंद्र सोनी शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि बीते मंगलवार की एक ही कार (बीआर डीडी 0687) से सभी युवक नेपाल के काठमांडू घूमने निकले थे। इसी दौरान बीच रास्ते में नेपाल के बदीर्वास काठमांडू बीपी राजमार्ग पर देर रात उनकी कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

## सोनपुर में पीएनबी से 12 लाख रु. की लूट, गार्ड को मारी गोली

**केटी न्यूज/हाजीपुर**

सोनपुर में गुरुवार की दोपहर दिनदहाड़े पंजाब नेशनल बैंक से बदमाशों ने 12 लाख रुपये की लूट कर ली। इस दौरान बैंक के दो सुरक्षागार्ड को गोली भी मारी जिसमें से एक की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल सुरक्षाकर्मी को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। घटना सोनपुर थाना क्षेत्र के डीआरएम ऑफिस के समीप की है। यह इलाका वीआईपी है। दिनदहाड़े बेखौफ लुटेरों ने गन प्वाइंट पर घटना को अंजाम दिया है।

मृतक सुरक्षागार्ड की पहचान महेश साह के रूप में हुई है। घायल होने वाले का नाम नरेश राय है। घटना के संबंध में बताया गया कि बदमाशों की संख्या पांच थी। सभी बाइक से पहुंचे थे। एक-एक कर सभी बैंक के अंदर घुसे। इसके बाद दाखिल होते ही बैंक के अंदर फायरिंग करने लगे। बैंक में लूट का विरोध करने पर तैनात दो पुलिसकर्मियों को गोली मार दी।

बैंक के अधिकारी और कर्मियों के अनुसार 12 लाख रुपये की लूट की बात कही जा रही है। हालांकि मिलान के बाद आंकड़े ऊपर-नीचे हो सकते हैं। लूट की पुष्टि जिले के एसपी गौरव मंगला ने की है। एसपी ने कहा कि 10 से 12 लाख की लूट हुई है।






बढ़ रहा कोरोना: उत्तर प्रदेश में कार्यालय, स्कूल-कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों के लिए दिशा निर्देश जारी

# ऑफिस में अब मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में अधिकारियों ने कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, मैरिज हॉल और सार्वजनिक स्थानों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। कार्यालयों में अब सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और मास्क पहनना अनिवार्य है। साफ-सफाई रखने और मास्क नहीं लगाने वालों को प्रवेश नहीं देने के लिए भी कहा गया है। प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था करने, दरवाजे, रेलिंग, लिफ्ट, पार्किंग एरिया आदि को समय-समय पर



सैनिटाइज करने का निर्देश जारी किया गया है।

प्रशासन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सर्दी, बुखार या फ्लू के लक्षण पाए जाने पर लोगों को घर में ही क्वारंटीन रहने और कोविड जांच कराने के निर्देश दिए जाएं। स्कूलों, कॉलेजों में बच्चों, छात्रों और शिक्षकों को मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए निर्देशित किया जाए। छात्रों को कक्षा में उनके बीच पर्याप्त दूरी रखते हुए बैठाया जाए जबकि स्कूल और कॉलेजों के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था की जाए. परिसर में हाथ धोने के साबुन और पानी, या हैंड सैनिटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दरवाजे, रेलिंग, झूले आदि को समय-समय पर सैनिटाइज करें। यदि कोई बच्चा खांसी, सर्दी, जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित है, तो उसे स्कूल, कॉलेज नहीं भेजें और चिकित्सकीय सलाह और उपचार दिया जाना चाहिए।

### अस्पतालों में भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन जरूरी

बयान में कहा गया है कि अस्पतालों में भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। मास्क, सैनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बिना मास्क के व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाए। प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था की जाए। फीवर हेल्प डेस्क और कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए जबकि लक्षण वाले मरीजों की कोविड जांच की जाए। सिनेमा हॉल, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी मास्क पहनना और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य है। इन सभी स्थानों के प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग सुनिश्चित की जाए।

# बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा उनके उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी: डॉ कौशल

- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन
- आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा के लिए पांच वर्षो के लिए भावी योजना पर चर्चा






**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा के लिए पांच वर्षो के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के लिए पांच वर्षो के लिए भावी योजना तैयार करने के उद्देश्य से पटना में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आई सी डी एस और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में आईसीडीएस के निदेशक डॉ. कौशल किशोर और एससीईआर के निदेशक टी, सज्जन आर द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में आईसीडीएस, एससीईआरटी, केयर इंडिया, यूनिसेफ, पीरामल फाउंडेशन, सेव दी चिल्ड्रेन , प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन , सी एस एफ एवम रूम टू रीड के राज्य प्रतिनिधि, जिला व परियोजना स्तरीय सदस्य, शिक्षक एवम जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान के सदस्य सम्मिलित हुए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. कौशल किशोर ने कहा कि जैसे एक नए पौधे को निरंतर देखभाल की जरुरत होती है उसी तरह बाल्यावस्था में प्रारंभिक शिक्षा एवं देखभाल बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण पूर्व प्राथमिक शिक्षा बेहतर स्कूल की तैयारी की तरफ बढ़ने में मदद करती है। हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्चे प्राथमिक विद्यालय में जाना तभी शुरू करें जब वे विकासात्मक तौर पर इसके लिए तैयार हों। इसमें आंगनवाड़ी केंद्रों पर शालापूर्व शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना जरुरी है। केयर इंडिया की कार्यक्रम निदेशक डॉ. नीता वर्मा ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र और बच्चों का विकास कैसे हो इसपर योजनायें तैयार की गयीं हैं। इनमे आंगनवाड़ी केंद्र में सुधार करना, बच्चों की मॉनिटरिंग सेविकाओं का प्रशिक्षण आदि शामिल है।

अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन के तहत बच्चों का ध्यान, स्वास्थ्य. पोषण, खेल एवं प्रारंभिक शिक्षा को एक सुरक्षित एवं समुचित माहौल में सुनिश्चित करना है। यह बच्चों के समग्र विकास एवं ताउम्र शिक्षा एवं विकास के लिए अतिअवाश्यक है।

# पटना में एक डॉक्टर पर लगा किडनी निकालने का आरोप

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में एक डॉ पर किडनी निकालने का आरोप लगा है। मामला कंकड़बाग में गुरुवार को दर्ज हुआ है। बताया गया कि महिला के बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था। इस दौरान ही इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक महिला के पति ने आरोप लगाते हुए डॉ पर कार्रवाई करने की मांग की है। महिला का एक नहीं दो बार ऑपरेशन कराया गया। दूसरी बार के बाद उसकी हालत खराब हुई और सुबह उसने दम तोड़ दिया।

मृतक महिला की पहचान 35 वर्षीय नीतू देवी के रूप में हुई है। वह नवादा के ओहरी की रहने वाली थी। मौत के बाद उसके पति ने डॉक्टर पर किडनी निकालने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि सात अप्रैल को नीतू देवी के पेट मे दर्द होने की शिकायत पर परिजन उसे पटना स्थित शेखपुरा के सामस इलाके के डॉक्टर गोपाल प्रसाद की क्लीनिक पर लेकर पहुंचे थे। नीतू के पति रंजीत ने बताया कि उसका ऑपरेशन क्लीनिक पर ही किया गया था।

वहीं ऑपरेशन के बाद जब नीतू की तबीयत बिगड़ने लगी तो आनन-फानन में डॉ गोपाल ने नीतू को अपने नौबतपुर वाले क्लीनिक में शिफ्ट कर दिया। बावजूद इसके जब उसकी तबीयत नहीं सुधरी तो डॉक्टर उसे सीधे लेकर पटना के बोरिंग रोड स्थित राहुल मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचे। वहां के डॉक्टरों द्वारा एक बार फिर नीतू का ऑपरेशन किया गया।

उधर, दूसरी ऑपरेशन के बाद नीतू की तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी तो आनन-फानन में डॉक्टर गोपाल ने अपने कंपाउंडर के साथ खुद की गाड़ी पर लादकर उसे पटना के कंकड़बाग स्थित जगदीश मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचाया। गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। पति ने डॉक्टर पर उसकी पत्नी की किडनी निकालने का आरोप लगाते हुए कहा कि महज 8 हजार रुपये लेकर डॉक्टर उसकी पत्नी का बीते 7 दिनों से इलाज कर रहे थे। इस दौरान डॉ ने उसकी पत्नी को यूनिट ब्लड भी चढ़ाया जिसके पैसे नहीं लिए गए। पटना के कंकड़बाग में मृतका की मौत के बाद मौके पर मौजूद परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी थाने को दी। कंकड़बाग एसआई मुकेश ने बताया है कि महिला के परिजनों द्वारा उसके मानव अंग निकाले जाने की लिखित कंप्लेन की गई है।

# भू-माफिया ने सरकारी स्कूल की जमीन पर चलाया जेसीबी

- हरांचंद स्कूल की जमीन पर जेसीबी चलवा तोड़ दिया गया गेट, गिराई गई दीवार
- लोगों की शिकायत के बाद डीएम ने जांच के दिए आदेश
- तत्काल कार्रवाई करते हुए डीएसपी पीएन साहू ने 5 ट्रैक्टर को किया जब्त




**केटी न्यूज/गया**

गया जिले के सबसे पुराने सरकारी स्कूलों में से एक हरांचंद उच्च विद्यालय की दशकों से अपनी जमीन नहीं है। स्कूल अब भी खुद की जमीन के लिए संघर्ष ही कर रहा है। हालांकि सरकार की ओर से उसे एक एकड़ से अधिक जमीन आवंटित तो कर दिया है, लेकिन अब इस जमीन पर अब भू-माफियाओं की नजर पड़ी हुई है।

वहीं बुधवार की देर रात भू-माफियाओं ने हरांचंद स्कूल की जमीन पर जेसीबी चलवा दिया। गेट तोड़ दिए। दीवार भी गिरा दी गई। नगर विधायक का शिलापट्ट भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसके बाद स्कूल के लिए संघर्ष कर रहे नूतन नगर के लोगों ने रात में ही डीएम से शिकायत की। डीएम ने जांच का आदेश भी दिया, जिसके बाद डीएसपी पीएन साहू मौके पर पहुंच 5 ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर से स्कूल की जमीन से मिट्टी उठवाई जा रही थी। सभी ट्रैक्टर को सिविल लाइंस थाने में रखा गया है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को दो वीडियो भी सौंपे हैं। वीडियो में मौजूद जो लोग खड़े होकर जेसीबी से स्कूल की बाउंड्री गिरवा रहे थे, उनकी शिनाख्त की गई है। पुलिस उन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करने की तैयारी में जुट गई है।

**नूतन नगर मोहल्ले में आवंटित हुई थी जमीन:** दरअसल हरांचंद स्कूल किसी जमाने में किरानी घाट के पास चला करता था। दान की जमीन पर स्कूल दशकों से चल रहा था, लेकिन बाद में विवाद बढ़ा और मामला कोर्ट में पहुंच गया। कोर्ट में लंबी लड़ाई के बाद स्कूल प्रबंधन की हार हुई तो राज्य सरकार ने शहर के पॉश एरिया नूतन नगर मोहल्ले में एक एकड़ से अधिक जमीन आवंटित कर दी। इस जमीन पर स्कूल भवन का निर्माण अभी नहीं हुआ है। नगर विधायक प्रेम कुमार की ओर से उस स्कूल की बाउंड्री के लिए धन आवंटित किया गया था और बाउंड्री भी बनवाई गई, लेकिन वह पूरी नहीं हुई है। इस बीच भू-माफियाओं की नजर उस पर पड़ गई।

## सड़क हादसा: आरा-बक्सर हाईवे पर बिहिया चौरस्ता के समीप हुई घटना

# पत्नी का इलाज कराने जा रहे कंपाउंडर की दुर्घटना में मौत

- मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां गांव निवासी राम नारायण सिंह का 31 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार सिंह था
- आरा के एक अस्पताल में काम करता था मृतक



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर बिहिया चौरस्ता के समीप गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने एक बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार एक कंपाउंडर की मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी मामूली रूप से जख्मी हो गयी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां गांव निवासी राम नारायण सिंह का 31 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार सिंह थे। वह आरा के एक प्राइवेट अस्पताल में कंपाउंडर का काम करते थे। उनकी पत्नी प्रीति देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

उनके चचेरे भाई अखिलेश सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह अपनी प्रीति देवी का इलाज कराने बिहिया जा रहे थे। उसी दौरान बिहिया चौरस्ता के समीप एक तेज रफ्तार मैजिक ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये, जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी मामूली रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत देख पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि पटना ले जाने के दौरान दानापुर के समीप उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि कृष्ण कुमार सिंह अपने तीन भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उनके परिवार में मां किरण देवी, पत्नी प्रीति देवी, पुत्र प्रत्यूष कुमार और प्रियांशु कुमार है।



## ट्रैक्टर और मैजिक वाहन में भिड़ंत, तीन घायल

**आरा।** आरा-सिन्हा रोड पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव के समीप बुधवार की रात ट्रैक्टर और मैजिक वाहन में भिड़ंत हो गयी। उसमें मैजिक वाहन पर सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला निवासी राज केशरी, ओम प्रकाश और बड़की सिंगही गांव निवासी आशीष केशरी शामिल है। इनमें राज केशरी कोल्ड ड्रिंक का व्यवसाय करता है। उसके पिता अजय केशरी ने बताया कि वह अपने दोस्त राजू कुमार और ओम प्रकाश के साथ मैजिक गाड़ी पर कोल्ड ड्रिंक लोड कर सरैया बाजार स्थित दुकान पर देने गया था। रात में तीनों मैजिक गाड़ी से वापस आ रहा लौट रहा था। उसी दौरान शोभी डुमरा गांव के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर से सीधी भिड़ंत हो गई। उससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद 112 नंबर वाहन पुलिस द्वारा तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

# सासाराम में पेट्रोल पंप मालिक के बेटे ने फांसी लगा दे दी जान

**केटी न्यूज/सासाराम**

सासाराम के कंपनी सराय इलाके में फंदे पर लटकी युवक की लाश मिली है। गुरुवार को काफी देर तक वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से देखा तो वह फांसी पर लटका दिखा। घटना से घर में कोहराम मच गया है।

पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पहचान व्यवसायी सुनील कुमार सिंह के 18 साल के बेटे विवेक कुमार के रूप में की गई है। वह भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था और 15 दिन पहले ही अपने घर आया था। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा सासाराम नगर थाना को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने बंद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया और युवक के शव को नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर असपताल भेज दिया।

बताया गया कि सुनिल सिंह का पेट्रोल पंप है। वो नहौना गांव के रहने वाले हैं और परिवार के साथ सासाराम के कंपनी सराय इलाके में रहते हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर जॉब में हैं, जबकि छोटा बेटा विवेक भी भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। 15 दिन पहले वह घर आया था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मौत की कारणों का पता नहीं चल सका है। नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव के का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है, मामले की जांच की जा रही है।

# छपरा में युवक की गला रेत हत्या घटना के कारणों का पता नहीं

**केटी न्यूज/छपरा**

छपरा में गुरुवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। बुधवार की रात से ही वह गायब था। घटना परसा थाना क्षेत्र के सगुनी गांव की है। बताया गया कि पड़ोसी गांव से शख्स का शव बरामद हुआ है। युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। फिलहाल कारणों का पता नही चल पाया है, लेकिन उसके सिर पर धारदार हथियार से हमले और शरीर पर लाठी डंडे का निशान पाया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है। शव परिजनों को सौंपा जाएगा। युवक की पहचान परसा से विशुनपुरा गांव निवासी 28 साल के बीरू सिंह के रूप में हुई है। पड़ोसी गांव से शव मिलने के बाद चचाओं का बाजार गर्म है। मृतक बीरू के परिजनों ने बताया कि वह बुधवार रात नौ बजे से गायब था। देर रात तक उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

## पत्नी ने नहीं दिये पैसे तो पी लिया कीटनाशक

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटकी सनदिया गांव में गुरुवार की सुबह पत्नी द्वारा पैसे नहीं दिये जाने से गुस्साए एक युवक ने कीटनाशक पी लिया। उससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। युवक उसी गांव का मिंटू कुमार है। वह पेशे से राज मिस्त्री है। उसकी पत्नी फुलझारी देवी ने बताया कि उसके शादी को दस साल हो चुके हैं। उसका पति कमाता है और नशा कर जाते हैं। उनकी बहन और भाई द्वारा सहयोग किया जाता है, तो उनका खर्चा-पानी चलता है।

# पटना में हाइवा ने बाइक सवार चाचा-भतीजा को कुचला, दोनों की मौके पर ही हो गई मौत

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के खुसरूपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार से आ रही एक हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार चाचा भतीजे को कुचल डाला। इस हादसे में दोनों चाचा भतीजे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हाईवा का ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुट गई है। पुलिस का मानना है कि घटना को अंजाम देने वाले हाईवा का पता लगाया जा रहा है। घटना के बाद काफी देर तक घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि गुरुवार को चाचा शिवम कुमार (25 वर्ष ) अपने भतीजा मुक्कू (5 वर्ष) को स्कूल से लेकर मोटरसाइकिल से अपने गांव मोदीन पुर लौट रहे थे। जगमाल बीघा गांव के नजदीक तेज रफ्तार से आ रही एक हाईवा ने दोनों चाचा भतीजा को पीछे से कुचल डाला। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि इस हादसे में दोनों चाचा भतीजे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने जीयर स्वामी से लिया आर्शीवाद

**केटी न्यूज/आरा**



वीआईपी प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी गुरुवार को आरा पहुंचे और महान मनीषि संत परमपूज्य श्री त्रिदण्डी स्वामीजी महाराज के शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज का आशीर्वाद लिया। जीयर स्वामी से आशीर्वाद लेने के बाद सहनी ने वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कष्ट से छुटकारा पाने के लिए हम मंदिर जाते है। उन्होंने कहा कि मेरे विचार से धर्म को साथ लेकर दिल में मंदिर बनाएं। मुकेश सहनी ने कहा कि हम किसी भी जाति के होने से पहले एक इंसान हैं। इस कारण हमें सभी धर्मों, हर जाति और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार आज पिछड़ा है। इसके लिए सरकारें दोषी हैं।

## शाहपुर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने और स्वामीजी का प्रवचन सुनने दूर-दूर से आ रहे लोग

# सदाचार और नैतिकता विहीन मनुष्य मानव कहलाने का अधिकारी नहीं: जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/आरा**





शाहपुर में प्रवचन करते हुए श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि सदाचार एवं नैतिकता विहीन मनुष्य मानव कहलाने का अधिकारी नहीं है। व्यक्ति को जीवन में अनैतिकता एवं दुराचार से बचना चाहिए । अनैतिकता से जीवन और मरण दोनों अमंगलमय हो जाते हैं। भावी पीढ़ी भी कलंक ग्रसित हो जाती है। अनैतिकता से जीवन यापन करने वाले को कभी यश प्राप्त नहीं होता। इसलिए स्वयं तथा अपनी पीढ़ियों के निमित्त मानव को मयार्दानुकूल जीवनयापन करना चाहिए। श्री जीयर स्वामी ने कहा कि भगवान ने मनुष्य के अलावे दैत्य पुत्र प्रह्लाद एवं पशु गजेन्द्र पर भी कृपा की हैं, जो शास्त्र में उल्लेखित है। भगवान कभी पक्षपात नहीं करते। भगवान का शब्दिक अर्थ भा से प्रकाश, ग-ज्ञान, वा से वैभव और न से नेक है। भगवान से ही ये गुण पैदा होते है। भगवान सब को प्रकाशित करते हैं, जिससे वे अपना प्रकाश हटा लेते हैं, उस जीव का तेज समाप्त हो जाता है। तेजोहीन जीव-अजीव का अस्मिता समाप्त हो जाती है।

स्वामी जी ने कहा कि जिस परिवार में धर्म के प्रति श्रद्धा होती है। वह परिवार पवित्र और धन्य हो जाता है। जिस कुल में वैष्णव उत्पन्न होते हैं वह कुल पवित्र हो जाता है। माता कृतार्थ हो जाती हैं। देश लोक पृथ्वी और पिता धन्य हो जाता है। अर्थात वह कुल पवित्र हो जाता है। पृथ्वी पवित्र एवं धन्य हो जाती है। वह देश धन्य हो जाता है तथा उसके पितर लोग धन्य हो जाते हैं। भगवान का भक्त होना कल्याण कारक है।

व्यास जी ने कहा है कि छेय, ज्ञेय, प्रेय और त्रेय नारायण ही एक माह भगवान एवं शास्त्र के वचनों पर संतों का सहज एवं मौलिक अधिकार होता है। भगवान ने एक बार नारद जी से कहा कि आप तय करें कि सबसे बड़ा कौन है? नारद जी ने कहा कि जो सबसे बड़ा कार्य करे वही बड़ा है। यानी पृथ्वी है। भगवान ने कहा कि पृथ्वी का भार शेष जी उठाते हैं तो शेष जी बड़े है उनसे भी बड़े शंकर जी हैं, जो उन्हें अपने शरीर में लपेटे रहते हैं। शंकर जी से बड़े रावण हैं जो अंगूठे पर शंकर जी को उठा लिया। उससे बड़े बालि हैं जो रावण को छः माह तक कांख में दबाये रखा, उनसे बड़े राम हैं, जो बालि का वध किए। लेकिन राम से भी बड़े भगवान के भक्त हैं, जो अपने हृदय में उन्हें सूक्ष्म रुप में सदा धारण किए रहते हैं। भगवान के भक्तों से बड़ा दुनिया में कोई नहीं है। भगवान के भक्तों के साथ कभी अपचार नहीं करना चाहिए।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने हेतु काफी दूर-दूर से लोग आ रहे हैं तथा स्वामी जी का दर्शन कर प्रवचन का रसपान कर रहे हैं। 14 को महामहिम राज्यपाल के कर कमलों से महाविद्यालय का उद्घाटन होना है इसके लिए डीएम एसपी तथा भीसी द्वारा लगातार दौरा किया जा रहे हैं तथा निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कोई कमियां ना रह जाए। इस यज्ञ में काफी दूर-दूर से संत महात्मा आए हुए हैं। आसपास के लोगों में काफी उत्साह है। 15 बीघा जमीन लोगों ने कॉलेज के लिए दान दिया है जिसके लिए जितने भी संत प्रवचन करने हेतु आ रहे हैं भूमि दाताओं की प्रशंसा कर रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### मामूली विवाद में मां-बेटे की पिटाई, केस दर्ज

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में मामूली विवाद को लेकर मां-बेटे की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नया भोजपुर की रहने वाली अनिल कुमार सिंह की पत्नी सविता देवी ने मारपीट का आरोप लगाते हुए भीम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि आरोपी मेरे बेटे की बेवजह पिटाई कर रहा था जब उसे बचाने गयी तो मेरे साथ भी हाथापाई कर धकेल दिया, जिससे मेरा बायां हाथ चोटिल हो गया। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### असमाजिक तत्वों ने जलाया बाबा भीम आर्मी का झंडा

**केसठ।** केसठ पुराना बाजार में अंबेडकर दिवस की तैयारी के तहत बुधवार की रात्रि में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में भीम आर्मी के कार्यकताओं द्वारा जगह जगह पर भीमराव अंबेडकर का झंडा लगाया गया था। लेकिन देर रात केसठ पुराना बाजार के पास लगे झंडे को असमाजिक तत्वों द्वारा फाड़ कर जला दिया गया है। गुरुवार की सुबह इसकी जानकारी मिलते ही भीम आर्मी व बाबा साहेब के समर्थकों को लगी तो वे आक्रोशित हो गए। इसकी जानकारी भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष हरे राम पासवान और प्रदेश उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव बौद्ध को दिया गया। सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में भीम आर्मी के कार्यकर्ता घटनास्थल पर आंदोलन करने लगे। प्रदेश उपाध्यक्ष ने इसकी सूचना नावानगर थाने को दिया। सूचना मिलते ही नावानगर थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल करने लगी। घटनास्थल पर किसी तरह की कोई हिंसक घटना ना हो इस को लेकर प्रशासन द्वारा पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# ढाई करोड़ की लागत से बने नए मॉडल भवन में शिफ्ट हुआ डुमरांव नगर पर्षद

- प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित है नगर परिषद का नया भवन
- इस मॉडल भवन में आठ कमरे और चार बड़े हॉल हैं

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में वार्डों की बढ़ोतरी होने के बाद नगर परिषद प्रशासन ने अपने विभागीय कामों में भी बदलाव लाया है। शहर के करीब एक लाख की आबादी को नवीन सुविधा और सुचारू रूप से काम करने के लिए नप कार्यालय को नये भवन में शिफ्ट किया है। यह भवन एनएच 120 सड़क स्थित प्रखंड कार्यालय के समीप निर्मित है। ढाई करोड़ की लागत से बने इस



मॉडल भवन में आठ कमरे और चार बड़े हॉल हैं। जहां नगर परिषद अलग-अलग विभागीय कामों का बंटवारा कर कामों का संचालन शुरू किया है। नये भवन में लोगों की सुविधा का ख्याल भी रखा जायेगा तथा शहरवासियों को सहूलियत मिलेगी। नप सूत्रों ने बताया कि इस भवन के अलग-अलग कमरों में लाइटिंग का पुख्ता इंतजाम किया गया है, साथ ही भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। अपने कामों को लेकर आने वाले लोगों को कुर्सियों पर बैठने की सुविधा के साथ गर्मी के मौसम में ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गयी है।

पिछले दिनों शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नप के इस मॉडल भवन का विधि-विधान के साथ पूजन कराया गया था, जहां यजमान की भूमिका में नप के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह रहे। बताया जाता है कि डुमरांव नगर परिषद कार्यालय पूर्व में मुख्य बाजार में स्थित था लेकिन पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कर्मियों तथा यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। जिसे देखते हुए नया भवन निर्माण की योजना विभाग की ओर से लिया गया। इसके लिए प्रखंड कार्यालय के समीप अंचल की ओर से जमीन उपलब्ध कराया गया था। जमीन मिलने के बाद भवन के निर्माण को लेकर टेंडर हुआ, जिसके बाद जदयू के राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह ने इसकी आधारशिला रखी थी। करीब पांच वर्षों के दौरान दो मंजिले भवन का निर्माण कार्य पूरा किया गया। नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि नये भवन में अलग-अलग काम करने में कर्मचारियों को सुविधा होगी। साथ ही शहरवासियों को बैठने और अपने कार्यों को कराने में सहूलियत होगी।

### काफी संकीर्ण था पुराना कार्यालय भवन

नगर परिषद का पुराना कार्यालय भवन काफी संकीर्ण था। जिस कारण यहां अपने कार्यों के सिलसिले में आने वाले लोगों के साथ ही कर्मियों को भी फजीहत झेलनी पड़ रही थी। खासकर गर्मी के दिनों में जगह के अभाव में काफी परेशानी होती थी। इसके अलावे मुख्य बाजार में होने के कारण यहा आने वाले लोगों को अपना वाहन पार्क करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जबकि नये भवन में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह है। जिससे लोगों को अपना वाहन खड़ा करने में भी काफी सहूलियत होगी।

### तल्ख हुआ मौसमः अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही 42 डिग्री पहुंचा तापमान, बढ़ी परेशानी

# लू के थपेड़ों से बेजार हो रहे लोग दोपहर में वीरान पड़ रही हैं सड़कें

- भीषण गर्मी व लू के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं
- सुबह व शाम में ही लोग जरूरी सामानों की खरीददारी करने निकल रहे घर से

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही पारा 42 डिग्री के पार चला गया है। पिछले एक सप्ताह से चल रही गर्म पछिया हवा ( लू ) के कारण हर दिन तापमान बढ़ रहा है। जिस कारण अप्रैल में ही मई-जून वाली गर्मी का अहसास हो रहा है। भीषण गर्मी व लू के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। गुरूवार को बक्सर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह आठ बजे से ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया था। जैसे जैसे सूरज चढ़ता गया, वैसे वैसे गर्मी भी बढ़ती चली गई। भयंकर लू के कारण पूरे दिन सड़कों पर वीरानी छाई रही। सुबह व शाम में ही लोग जरूरी सामानों की खरीददारी करते दिखे।

**मौसम की तल्खी से बीमार हो रहे है बच्चें व बुजुर्गः** मौसम की इस तल्खी का सीधा असर लोगों के स्वास्थ पर पड़ रहा है। खासकर बच्चें व बुजुर्ग तेजी से बीमार हो रहे है। अस्पताल में लू के शिकार लोगों की लाइन लगी है। बक्सर सदर अस्पताल व डुमरांव अनुमंडलीय अस्पतालों के अलावे निजी अस्पतालों में भी





मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अधिकांश मरीज हिट वेव क शिकार व डिहाड्रेशन से ग्रसित आ रहे है। डुमरांव के चर्चित शिशु रोग विशेषज्ञ डा आरबी प्रसाद, डा सत्येन्द्र प्रसाद आदि ने कहा कि लू के थपेड़ो का असर बच्चों के स्वास्थ पर पड़ रहा है। बीमार बच्चों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। डाक्टरों ने लोगों से बच्चों को लू से बचाने, उन्हें तरल पदार्थ के साथ ही ताजा व संतुलित भोजन खिलाने की अपील की है। वही बीमार होने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करने तथा डिहाइड्रेशन के शिकार लोगों को ओआरएस या जीवन रक्षक घोल देने की बात कही है। इसके अलावे घर से बाहर निकलने की स्थिति में पूरे शरीर को ढंकने वाले तथा सूती कपड़े पहनने की नसीहत भी दी है।

**राहगीरों के सूखते गले को तर करने की नहीं है व्यवस्थाः** डुमरांव के शहरी इलाके में अबतक प्याउ की शुरूआत नहीं की गई है। दूसरी तरफ सड़को के किनारे वर्षों पूर्व लगाए गए चापानल खराब हो चुके है। सात निश्चय के तहत लगाए गए नलके भी समय से पानी नहीं दे रहे है। जिस कारण इस भीषण मौसम में जरूरी कामों से घर से निकलने वाले राहगीरों को गला तर करने के लिए भटकना पड़ रहा है। बता दें कि डुमरांव स्टेशन के पास से लंगटू महादेव मंदिर तक एक भी नलके नहीं है। जिससे शहर में प्रतिदिन आने वाले हजारों लोगों के लिए अपनी प्यास बुझाना मुश्किल हो रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर आजाद ने डुमरांव नप प्रशासन से प्याउ लगाने की मांग की है।

**जनवर भी परेशानः** सरकारी चापानलों के खराब होने के साथ ही इस तल्ख मौसम में अधिकांश ताल तलैये भी सूख गए है। जिस कारण आवारा तथा जंगली जानवरों के लिए भी प्यास बुझाना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी तरफ खेतों में पानी की व्यवस्था नहीं होने से नीलगाय, हिरण जैसे जंगली जानवर पानी की तलाश में भटकते आबादी वाले इलाके में आ रहे है। जिससे किसानों की फसलें भी चौपट हो रही हैं।

## एक नजर

### नई शिक्षक नियमावली पर जारी है रार, बक्सर में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध किया कार्य

**बक्सर।** नियोजित शिक्षकों के संबंध में बिहार सरकार द्वारा नई शिक्षक नियमावली 2023 के जारी करने के बाद से ही शिक्षकों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को भी शिक्षकों का आक्रोश जारी रहा। बक्सर में शिक्षकों ने काली पट्टी बांध स्कूलों में शिक्षण कार्य किया। वही डुमरांव में आंदोलनरत शिक्षकों नेतृत्वकाताओं के साथ एसडीएम कुमार पंकज व एएसपी राज ने बैठक कर उनकी मांगों का समझा तथा उनसे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने तथा इसकी पूर्व सूचना प्रशासन को देने को कहा है। इस दौरान डुमरांव के शिक्षा पदाधिकारी सुरेश कुमार भी मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार नई शिक्षक नियमावली 2023 को लेकर सभी शिक्षक संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे है। इसी कड़ी में बक्सर में शिक्षकों ने इस नियमावली के विरोध में गुरुवार से काली पट्टी बांध शैक्षणिक कार्य करना शुरू किया है। प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट के जिलाध्यक्ष डा सुरेंद्र कुमार सिंह एवं सचिव शाहिद अली ने विरोध जताते हुए कहा कि जब तक सरकार नई शिक्षक नियमावली 2023 को वापस नहीं लेती है तथा शिक्षकों को राज्य कर्मी की दर्जा नहीं देती है तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

**डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व एएसपी राज ने शिक्षकों के साथ की बैठकः** दूसरी तरफ डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज व एएसपी राज ने गुरूवार को सभी शिक्षक संघों के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। उक्त बैठक डुमरांव बीईओ सुरेश प्रसाद भी मौजूद थे। एसडीओ और



एसडीपीओ ने शिक्षकों से उनके मांगों के समर्थन में जानकारी हासिल की और बताया कि आंदोलन शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए। परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के संयोजक शालीग्राम दूबे ने कहा कि नई शिक्षक नियमावली पूर्व से नियोजित शिक्षकों के विश्वास और सम्मान पर कुठाराघात है। इस नई नियमावली के तहत सरकार ने हमें पुनः ठगने का कार्य किया है। वही दूसरी तरफ माध्यमिक शिक्षक संघ के कुमार विमल और अभय पांडेय ने भी कहा नई नियमवाली हम पूर्व से बहाल शिक्षकों के साथ पूर्णतः छलावा है। मौके पर शिक्षक संघ डुमरांव के नवनीत श्री वास्तव, उपेन्द्र पाठक, पूणानंद मिश्र, संजय सिंह, जितेन्द्र ठाकुर, सुबोध राय, सुधीर दूबे, अजीत राय, रितिक तिवारी, अनुराग मिश्र समेत कई अन्य शिक्षक नेतृत्वकर्ता मौजूद थे।

### सत्तुआन पर्व पर गंगा स्नान के लिए आज रामरेखाघाट पहुंचेगे श्रद्धालु

**बक्सर।** लोक व आस्था के पर्व सतुआन संक्रांति पर आज शुक्रवार को जिले के रामरेखाघाट के साथ ही विभिन्न गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे। जहां सतुआन पर्व को लेकर गंगा में डुबकी लगाकर पूजन अर्चन करेगे। गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालु बक्सर पूर्व संध्या पर ही पहुंचने लगे है। जिससे वे अहले सुबह स्नान, पूजन व दान के बाद अपने घर लौट सके। सतुआन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु ऐतिहासिक एवं धार्मिक मान्यता वाले रामरेखाघाट पर स्नान के लिए पहुचेगे। इसको देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था भी की गई है। जिससे गंगा स्नान के दौरान अव्यवस्था नहीं हो सके।

### मसर्हिया पैक्स अध्यक्ष सत्यदेव ओझा बने सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल उपाध्यक्ष

**डुमरांव।** चौगाई प्रखंड के मसर्हिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सत्यदेव ओझा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक भोजपुर व बक्सर जिले निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष चुने गए है। चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर उनकी जीत पर डुमरांव अनुमंडल के पैक्स अध्यक्षों व किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सत्यदेव ओझा ने अपने प्रतिद्वंदी



को 51 मतों के भारी अंतर से पराजित किया है। उन्हें इस चुनाव में कुल 171 मत मिले थे जबकि उनके प्रतिद्वंदी रहे परमानंद सिंह को मात्र 120 मत ही मिल सका। अपने जीत के बाद सत्यदेव ओझा ने कहा यह किसानों तथा साथी पैक्स अध्यक्षों की जीत है। उन्होंने कहा कि मैं सभी के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। कॉआपरेटिव की व्यवस्था एवं पैक्स अध्यक्षों की दशा एवं दिशा को सुदृढ़ करने की दिशा में हर संभव प्रयास करते रहने का संकल्प भी दुहराया है। बधाई देने वालों में रघुनाथपुर के पैक्स अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, चौगाईं पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सत्येंद्र पाठक, सुदामा सिंह, सनमुन सिंह और इटाढ़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद सिंह शामिल रहे।

### पर्यवेक्षकों को वितरित किया गया गणना कीट

**केसठ।** 15 अप्रैल से शुरू होने वाले जातीय गणना को लेकर गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पर कीट का वितरण किया गया। इसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने की। इस दौरान सभी पर्यवेक्षकों को जाति आधारित सूची, शैक्षणिक योग्यता के कोड की सूची, प्रपत्र समेत अन्य कागजात का कीट दिया गया। बीडीओ ने बताया कि जातीय आधारित गणना का कार्य 15 अप्रैल से 15 मई तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी पर्यवेक्षक 14 अप्रैल को अपने अपने क्षेत्र के प्रगणकों को कीट वितरण करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी प्रपत्रों को भरते समय आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना है। प्रपत्र को मोड़ना नहीं है।

# कठार दलित बस्ती में अचानक लगी आग से पांच झोपड़ियां समेत लाखों का सामान जलकर राख

- अगलगी के कारणों का नहीं चल पाया है पता
- ग्रामीणों व फायर बिग्रेड के प्रयास से आग पर पाया गया काबू

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

गुरुवार की दोपहर कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार दलित बस्ती में अचानक हुई अगलगी की घटना में पांच झोपड़ीनुमा घर तथा लाखों रूपए का सामान जलकर राख हो गया है। ग्रामीणों तथा फायर बिग्रेड के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। हालांकि आगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में बस्ती के विनोद राम, ललन राम, प्रेम चंद राम, राधा मोहन राम की झोपड़ियां तथा उसमें रखे बिछावन,



खाट, अनाज, कपड़ा, नगदी तथा एक मवेशी समेत कई अन्य सामान जल गए है। जिसकी कीमत लाखों रूपए है। इस घटना से पीड़ितो में काफी मायूशी छाई है। बताया जाता है कि जिनके घर जले है वे काफी परिवार से है तथा आगलगी में उनका सबकुछ जलकर स्वाहा हो गया है। गनीमत थी कि समय पर अग्निशामन विभाग की गाड़ियां पहुंच गई। जिससे आग विकराल होने से बच गई। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि इस सम्बंध में अभी आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलने के बाद नियमानुसार करवाई की जाएगी। वही सीओ ने पीड़ितो को उचित मुआबजा देने की बात कही है।

### रामपुर में महिला खाद्य सुरक्षा समूह का किया गया गठन

**केसठ।** गुरूवार को रामपुर पंचायत के स्थानीय गांव में महिला खाद्य सुरक्षा समूह के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक डा. प्रफुल कुमार, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी परमानंद सुमन ने की। बैठक में ‌‌आजाद खाद्य सुरक्षा समूह‌ का गठन किया गया। समूह के अध्यक्ष मीरा देवी, सचिव पन्नापति देवी, कोषाध्यक्ष पुष्पा कुमारी को चुना गया। 11 सदस्य को महिला खाद्य सुरक्षा समूह के रूप में चयन किया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा समूह की महिलाओं को मशरूम उत्पादन की जानकारी से अवगत कराया गया। इस संदर्भ में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी सुमन ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

# एनएच 120 पर डुमरांव पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर डुमरांव पुलिस ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 120 स्थित डुमरांव थाने के समीप सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। दर्जनों वाहनों को जब्त कर पुलिस ने जुमार्ना वसूला। पुलिस को देख कई वाहन चालक रास्ते बदल भाग खड़े हुए। पुलिस ने बताया कि विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की रोकथाम को लेकर यह अभियान चलाया गया है। पुलिस यातायात नियमो के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के अलावे ट्रिपल लोडिंग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस के इस अभियान से सड़कों पर बैगेर कागजातों के चलने वाले वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने जिला सहकारिता पदाधिकारी व बीएसएफसी के प्रबंधक के साथ बैठक कर की समीक्षा

# धान अधिप्राप्ति पर डीएम के चढ़े तेवर, ससमय लक्ष्य पूरा करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर बक्सर जिले के नये डीएम अंशुल अग्रवाल काफी सख्त दिखे। गुरूवार को उनकी अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई थी। जिसमें डीएम ने जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं बीएसएफसी के प्रबंधक को विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। ताकि विभाग के लक्ष्य को ससमय पूर्ण किया जा सकें। उन्होंने अबतक धान



अधिप्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर फटकार लगाई तथा कहा कि अब तो गेहूं की



अधिप्राप्ति शुरू हो गई है बावजूद धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं किया गया है।

### उसना मिलों पर सप्ताह में दो दिन की जाए जांच

डीएम ने निदेशित किया कि सभी उसना मिलों पर सप्ताह में 02 दिन जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा जांच कराई जाय। समीक्षा बैठक में पैक्स द्वारा निर्गत आर0टी0 नोट के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन देने का निदेश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। डीसीओ को निदेशित किया गया कि प्रतिदिन प्रखंडवार भ्रमण करें एवं मिलों तक धान को पैक्स के माध्यम से पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अगली बैठक के पूर्व समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन देने हेतु निदेशित किया गया। बैठक के पश्चात जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा दो राईस मिल इन्द्रासन राईस मिल, सिकरौल चौसा एवं श्रीराम स्टिम राईस मिल हकीमपुर इटाढ़ी का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में डीडीसी डा महेन्द्र पाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम बक्सर एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### मुख्तार अंसारी की 65 लाख की अचल संपत्ति कुर्क

**गाजीपुर/लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस द्वारा धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियुक्त आईएस-191 गैंगलीडर मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य/चचेरे भाई मंसूर अंसारी व चाचा खुशेर्दुल हक अंसारी व आविदा अंसारी पत्नी मंसूर अंसारी की 65 लाख 45 हजार 110 रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क कर दिया गया।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने कोटिया चट्टी के पास से बुधवार को एक अभियुक्त को तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में शाहनिंदा चौकी इंचार्ज कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर यह सफलता हाथ लगी है। हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचने पर उक्त व्यक्ति पुलिस को देख भागने लगा। जिस पर सिपाहियों द्वारा उसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया तथा तलाशी लिए जाने के बाद उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त का नाम जावेद अंसारी पुत्र मेहरून हुदा निवासी दर्जी मोहल्ला वार्ड नंबर नौ कस्बा व थाना मोहम्मदाबाद है।

### बलात्कार के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बलिया।** अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने अप्पु कुमार यादव पुत्र स्व. रामनाथ यादव (निवासी भोजछपरा, थाना रेवती, बलिया) को गिरफ्तार किया है। धारा 376, 506 भादवि व 67 आईटी एक्ट के इस अभियुक्त को पकड़ने में निरीक्षक (अपराध) संजय शुक्ला मय फोर्स को मिली है।

## निकाय चुनाव : चौक-चौराहे पर हर दिन लग रही चौपाल, मतदाताओं से चल रहा मिलने का दौर

# गाजीपुर में अब तक 345 नामांकन पत्रों की बिक्री, एक भी पर्चा नहीं हुआ दाखिल

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया/मऊ**

उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव की हलचल तेज है। इन दिनों जहां एक ओर नामांकन पत्रों की बिक्री का दौर जारी है, वहीं प्रत्याशी भी मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। गाजीपुर जनपद की तीन नगर पालिका और पांच नगर पंचायत के लिए अबतक कुल 345 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। नगर पालिका गाजीपुर में कुल 62 नामांकन पत्र खरीदे गए हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए आठ, सभासद के लिए 54, नगर पालिका मुहम्मदाबाद के कुल 53 नामांकन पत्र खरीदे गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नौ, सभासद के लिए 44, नगर पालिका जमानियां के कुल 65 नामांकन पत्र खरीदे गए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए 11 और सभासद के लिए 54, नगर पंचायत सैदपुर में कुल 23 नामांकन पत्र खरीदे गए।

इसमें अध्यक्ष के लिए पांच और सभासद के लिए 18, नगर पंचायत बहादुरगंज में कुल 43 नामांकन पत्र खरीदे गए। जिसमें अध्यक्ष के लिए 12 और सभासद के लिए 31, नगर पंचायत जंगीपुर में केवल सभासद पद के लिए 26 नामांकन पत्र खरीदे गए। नगर पंचायत सादात में कुल 28 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए छह और सभासद के लिए 22, नगर पंचायत दिलदारनगर में कुल 45 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लि 54 और सभासद के लिए 31 नामांकन पत्र खरीदे गए।

**अध्यक्ष पद के लिए नौ व सदस्य पद के 44 पर्चे बिके:** नगर निकाय चुनाव को लेकर गुरुवार को तीसरे दिन भी तहसील में पर्चा बिक्री एवं दाखिल करने वाले कार्यालयों पर पर्चा खरीदने वाले लोगों की भीड़ दिखाई दी। जिसमें बुधवार तक चेयरमैन/अध्यक्ष पद के लिए नौ एवं सदस्य/सभासद पद हेतु 44 पर्चे बिके। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के हिसाब से सुबह से ही तहसील के मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग कर पुलिस आने जाने वाले लोगों की तलाशी लेने के बाद ही अंदर जाने दे रही थी।



तहसील घोसी एवं मधुबन के नामांकन कक्ष, मतगणना स्थलों का निरीक्षण करते मऊ के जिलाधिकारी अरुण कुमार।

## बलिया के निकाय चुनाव में 346737 मतदाता करेंगे मतदान

**बलिया।** नगरीय निकायों के चुनाव की तारीख का ऐलान होने के बाद सियासी हलचल बढ़ गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक जिले के 12 निकायों के 125 मतदान केंद्रों के 423 मतदेय स्थलों पर 11 मई को मतदान होगा। इससे निकाय की राजनीति से जुड़े लोगों में उत्साह बढ़ गया है। 12 निकायों की सरकार का चुनाव 346737 मतदाता करेंगे। इनमें 186706 पुरूष और 160031 महिला मतदाता शामिल है। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार सिंह की ओर से जारी कार्यक्रम में दो चरणों में होने वाले चुनाव में बलिया को दूसरे चरण वाले जिलों में शामिल किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि चुनाव की तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिले के दो नगर पालिकाओं में से बलिया को अनारक्षित की श्रेणी में रखा गया है। जबकि रसड़ा को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। 10 नगर पंचायत में से चार को अनारक्षित, दो को पिछड़ा वर्ग के लिए और चार को विभिन्न वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है।

**भड़काऊ पोस्ट डाली तो होगी कड़ी कार्रवाई:** निकाय चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों की खैर नहीं है। निकाय चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काउ आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी सोशल मीडिया पर पूरी तरह नजर रखेंगे। चुनाव आयोग ने प्रदेश के निकाय चुनाव को लेकर सभी डीएम और एसपी को पत्र प्रेषित कर कहा कि निकाय चुनाव के दौरान नागरिकों की ओर से एसएमएस व सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखी जाएं। अयोग ने इसके लिए मीडिया सेल को सक्रिय करने के निर्देश भी दिए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले फोटो, वीडियो, आडिया क्लिप पर नजर रखने का भी निर्देश दिया है। ताकि जनसाधारण तक गलत, भ्रामक और सनसनी फैलाने वाली सूचनाएं फैला कर चुनाव में कोई बाधा ना उत्पन्न कर सकें। ऐसी सूचनाएं सोशल मीडिया के माध्यम से ही वायरल की जाती है। इससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का खतरा पैदा हो जाता है। इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होने से समाप्ति तक सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली सभी पोस्ट पर कड़ी नजर रखें।

### निकायवार मतदाताओं की संख्या पर एक नजर

| निकाय | मतदाता | पुरूष | महिला |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका बलिया | 108674 | 59807 | 48867 |
| नगर पालिका रसड़ा | 30386 | 16161 | 14225 |
| नगर पंचायत चितबड़ागांव | 18929 | 10078 | 8851 |
| नगर पंचायत बेल्थरारोड | 18514 | 10072 | 8442 |
| नगर पंचायत सहतवार | 18911 | 9931 | 8980 |
| नगर पंचायत रेवती | 23393 | 12209 | 11184 |
| नगर पंचायत मनियर | 19438 | 10092 | 9346 |
| नगर पंचायत बांसडीह | 20733 | 10825 | 9908 |
| नगर पंचायत सिकंदरपुर | 23192 | 12432 | 10760 |
| नगर पंचायत बैरिया | 25970 | 14622 | 13348 |
| नगर पंचायत रतसड़कला | 18889 | 10076 | 8803 |
| नगर पंचायत नगरा | 19718 | 10401 | 9317 |

## मऊ डीएम ने नामांकन कक्ष मतगणना स्थलों का किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील घोसी एवं मधुबन के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायतों के चुनाव हेतु निर्धारित नामांकन कक्षों तथा मतगणना एवं पार्टी रवानगी स्थलों का निरीक्षण किया।

तहसील घोसी के अंतर्गत दोहरीघाट, घोसी एवं अमिला नगर पंचायते शामिल हैं,जहां पर संबंधित नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के अलावा कुल 44 वार्ड हेतु चुनाव कराए जाने हैं।44 वार्डों में चुनाव हेतु कुल 61982 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन सभी नगर पंचायतों के चुनाव हेतु पार्टी रवानगी एवं मतगणना स्थल के रूप में सर्वोदय इंटर कॉलेज घोसी निर्धारित है। मतगणना हेतु निर्धारित कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कमरों के खुली खिड़कियों को बंद करने एवं पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अलग-अलग नगर पंचायतों हेतु निर्धारित कमरों से सटे कमरों को ही स्ट्रांग रूम के रूप में चयन करने को भी कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नामांकन हेतु निर्धारित तहसील मुख्यालय का निरीक्षण किया।

तहसील मधुबन के अंतर्गत मात्र एक नगर पंचायत मधुबन है, जहां पर अध्यक्ष पद के अलावा कुल 15 वार्डों में चुनाव कराए जाने हैं। इसके लिए कुल 12 मतदान केंद्रों के 22 बूथों पर 20137 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। तहसील परिसर से ही पार्टी रवानगी भी होगी। तहसील मधुबन में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्किंग की उचित व्यवस्था के साथ ही नामांकन के दौरान भीड़ को देखते हुए वार्ड सदस्य के नामांकन हेतु अतिरिक्त कक्षों की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी घोसी सुरेश कुमार, उप जिलाधिकारी मधुबन मनोज कुमार तिवारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मऊ के जिलाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा होते ही आचार संहिता जनपद में लागू हो गई है। मऊ जनपद में कुल 11 नगरीय निकायों में निर्वाचन कराया जाना है, जिसमें नगर पालिका परिषद भी शामिल है। जनपद में कुल 11 नगरीय निकायों के 196 वार्डों में कुल 176 मतदान केंद्र एवं 607 मतदान स्थल बनाए गए हैं। चुनाव के दौरान कूल 5,23,900 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने वहां उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता सभी पर समान रूप से लागू होती है। यह सभी को समान अवसर भी देती है। आदर्श आचार संहिता का पालन करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक भी है। उन्होंने समस्त प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान पालन करें। अगर कहीं से भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला संज्ञान में आता है, तो उच्च अधिकारियों को सूचित करें। जनपद में नगरीय निकायों को सकुशल संपन्न कराने हेतु आदर्श आचार संहिता का पालन आवश्यक है। अगर कोई इसका उल्लंघन करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश पाण्डेय ने उपस्थित प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान लड़ाई झगड़े से दूर रहने को कहा। किसी भी प्रकार की शिकायत संज्ञान में आने पर विधिक प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए।साथ ही कानून को अपने हाथ में न लेने की चेतावनी भी दी।

### पीसीएस अधिकारी विपिन कुमार यादव का गृह जनपद गाजीपुर में हुआ भव्य स्वागत



**गाजीपुर।** नंदगंज बाजार के बंतरा हाइ-वे पर पीसीएस अधिकारी विपिन कुमार यादव का भव्य स्वागत किया गया।पीसीएस में चयन के बाद उनका गृह जनपद गाजीपुर में प्रथम आगमन था। करंडा विकास खंड के बक्सां गांव निवासी स्व. फौजदारी यादव के सुपौत्र विपिन कुमार यादव का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में पीसीएस अधिकारी के पद पर हुआ है। विपिन ने अपनी इस सफलता से जिले एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्मी में सूबेदार सिरबल सिंह यादव एवं सुनीता यादव के सुपुत्र विपिन कुमार यादव शुरू से ही मेधावी रहे। इनकी स्कूल की शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल, लखनऊ से हुई। स्कूली शिक्षा से ही इन्होंने हमेशा प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीटेक की डिग्री पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से ली। बीटेक करने के बाद बहुराष्ट्रीय कंपनियों से भी नौकरी का ऑफर आया, लेकिन शुरू से ही इनकी रूचि प्रशासनिक अधिकारी बनने की थी। इन्होंने प्रथम प्रयास में ही लोक सेवा आयोग में सफलता प्राप्त कर अपने सपने को सच किया। अपने गृह जनपद के आगमन पर स्वागत में नंदगंज में प्रथम आगमन पर संदीप यादव युवा नेता और सदर विधायक जै किशुन साहू बक्सा ग्राम प्रधान मोती सिंह सैकड़ो की संख्या में युवा समाज ने भव्य तरीके से स्वागत किया।

### सहकारी क्रय विक्रय समिति युसूफपुर के अध्यक्ष बने आनंद कुमार त्रिपाठी



**गाजीपुर।** सहकारी क्रय विक्रय समिति लि० युसुफपुर मुहम्मदाबाद का गुरुवार को चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें आनन्द कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष एवं अनिल कुमार राय मुन्ना निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।निर्वाचन अधिकारी खंड विकास अधिकारी भांवरकोल राम कृपाल यादव व सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीसीओ मुहम्मदाबाद राधेश्याम सिंह, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता नवीन सिंह व कन्हैयालाल मौर्य की देख-रेख में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।जिसमें मुन्नन सिंह, अरविन्द कुमार, बन्धू, केदार चौरसिया, श्रीमती इन्दू पांडेय, खुशबू त्रिपाठी, रविशंकर राय, सतीशचन्द्र राय, अखिलेश यादव, राजीव कुमार राय उपेन्द्र कुमार सिंह व शासन द्वारा नामित धनेशर विन्द संचालक निर्वाचित हुए। समिति कार्यालय पर काफी गहमागहमी रही। इस दौरान इफको निदेशक विजय शंकर राय, पूर्व विधायक व यूपीसीबी के पूर्व निदेशक विरेन्द्र सिंह, भाजपा नेता विरेन्द्र राय, ओमप्रकाश उपाध्याय, ओंकार नाथ राय, नथुनी सिंह, नरसिंह यादव, केशरदेव पाण्डेय, ओमप्रकाश गिरी, प्रमोद राय, कृपाशंकर राय, कृष्णाकान्त राय, फेंकू सिंह यादव, अजय यादव, सुरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिंह चंचल, रविन्द्र नाथ राय, प्रफुल्ल सिंह, रामनारायण पांडेय आदि लोग मौजूद रहे। निर्वाचन के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनन्द कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार राय व संचालकगण को फूल मालाओं से लाद दिया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने सभी सहकारी बन्धुओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ सहकारी नेताओं के सहयोग एवं समर्थन से संस्था के विकास के लिए अपने सभी संचालकों के साथ विकास का प्रयास करूगा।

### स्कूल चलो अभियान व नामांकन चौपाल का आयोजन

**गाजीपुर।** प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मिजार्बाद के द्वारा खंड विकास अधिकारी राम कृपाल यादव, खंड शिक्षाधिकारी सावन कुमार दूबे एवं ग्राम प्रधान फैसल अंसारी की उपस्थिति में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। इस रैली को खंड विकास अधिकारी रामकृपाल यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय से रैली निकलकर मिजार्बाद हरिजन बस्ती होते हुए नट बस्ती में गई। वहाँ ग्राम चौपाल एवं नामांकन मेला का आयोजन किया गया। नामांकन मेला में एसआरजी रितेश सिंह एआरपी समरेन्द्र बहादुर तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छह बच्चों का नामांकन भी किया गया। इस दौरान शिक्षक संकुल मु.आलिम हुसैन एवं विश्वमित्र गुप्ता के निर्देशन में बच्चों ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए ₹स्कूल चलें हम₹ नामक एक नुक्कड़- नाटक का प्रस्तुतीकरण भी किया। प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक की उपस्थित जन समुदाय एवं शिक्षकों ने भूरी- भूरी प्रशंसा भी की।

## उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का स्वर्ण जयंती समारोह मना, सम्मानित किए गए शिक्षक

**केटी न्यूज/बलिया**



उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के स्थापना की 50वीं वर्षगांठ यानी स्वर्ण जयंती समारोह गुरूवार को टाउन इंटर कालेज के सभागार में आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ ही 2015 के पश्चात नियुक्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उप्र सीनियर बेसिक शिक्षक संघ के संस्थापक स्व अयोध्या प्रासाद अवस्थी के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि 1973 में आज ही के दिन उन्होंने संगठन की नींव रखी थी। उनके प्रयासों से जूनियर हाईस्कूलों के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली बनाई गई थी। शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के खाते में आज सीधे वेतन जा रहा है तो यह भी उनके ही संघर्षों की देन है। सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में कार्यरत शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हितों रक्षा के लिए अयोध्या प्रसाद अवस्थी कई बार जेल गए लेकिन अपने लक्ष्य से कभी डिगे नहीं। 2006 में एक हजार जूनियर हाईस्कूलों को अनुदानित किए जाने का ऐतिहासिक फैसला भी उनके ही नेतृत्व में हुए संघर्ष का प्रतिफल है। उनके द्वारा तैयार किया गया संगठन आज विशाल वट वृक्ष का रूप लेकर प्रदेश के 61 जिलों में सफलतापूर्वक संचालित है। विदेशीलाल यादव ने गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री अनिल सिंह, कमलदेव सिंह, रामराज तिवारी, गिरिजा शंकर मिश्र, अशोक केसरी, अनूप सिंह, लक्ष्मण यादव, अमित सिंह, रामप्रताप सिंह, सुधीर उपाध्याय, नारायणदत्त तिवारी, अरुण सिंह, समर प्रताप सिंह व अन्य शामिल रहे।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 20 वर्ष का कारावास

**केटी न्यूज/बलिया**

- अदालत ने अभियुक्त पर लगाया एक लाख रुपए का अर्थदंड
- 25 अगस्त 2019 को दर्ज किया गया था मामला

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) विनोद कुमार सप्तम की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में दोषी राजकुमार यादव को 20 वर्ष की कठोर कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थ दंड न देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

वादिनी मुकदमा स्वयं पीड़िता ने 25 अगस्त 2019 को थाना गड़वार पर शिकायती पत्र दिया कि आज से करीब एक वर्ष पूर्व मेरे पड़ोसी गांव का रहने वाला राजकुमार यादव पुत्र स्व. रामदास यादव निवासी बहादुरपुरकारी मेरे घर गाय का दूध लेने आता था। मुझसे कहता कि आप लोगों की गरीबी हालत देखकर मुझे मोह लगता है। एलआईसी का कागज बनवा देता हूं। वह मुझसे करीब एक साल से मोबाइल से बात करता था। वह मुझे रतसड़ चट्टी पर बुलाता था और मुझे सौंदर्य प्रसाधन का सामान देता था। हाईस्कूल में पढ़ने जाती थी तो मुझे समोसा और सामान देता था। करीब 7 से 8 महीने पहले मेरी दादी खेत में चली गई थी। सुबह में राजकुमार मेरे घर आया था। मेरे घर में ही उसने दुष्कर्म किया। मुझे तब शादी करने का प्रलोभन देता था। मुझे एक पुत्री भी पैदा हुई जो करीब 7 माह की थी। इस घटना के बाबत थाना गड़वार पर मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचक ने आरोपी राजकुमार के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए मुकदमे का विचारण प्रारंभ किया। अभियोजन की तरफ से देव नारायण पांडेय विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के उपरांत आरोप सिद्ध पाया और 20 वर्ष की सश्रम कारावास व एक लाख के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## कृषकों से अधिक से अधिक सम्पर्क कर खरीद बढ़ाने एवं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप गेहूं क्रय करने का निर्देश

# बलिया के जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्र भगवानपुर का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया**





जनपद में रबी विपणन वर्ष 2023-24 हेतु पी.सी.एफ द्वारा संचालित गेहूं खरीद केन्द्र क्रय-विक्रय सहकारी समिति भगवानपुर, विकास खण्ड हनुमानगंज का निरीक्षण जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी दीपक कुमार सिंह अनुस्थित थे, कुछ समय बाद वह क्रय केन्द्र पर पहुंचे। मौके पर खरीद नहीं हो रही थी, इस संबंध में जब केन्द्र प्रभारी से जिलाधिकारी ने पूछा तो उनके द्वारा बताया गया कि किसानों के न आने के कारण खरीद नहीं हो रही है। केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि गेहूं की खरीद ई-पास मशीन द्वारा की जा रही है व स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध है। अभी तक कुल 09 किसानों से 516 कुन्तल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। दिनांक 06.04.2023 को प्रथम किसान से खरीद की गयी थी। किसानों के भुगतान के संबंध में केन्द्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभी तक किसी भी किसान को भुगतान नहीं हुआ है। इस संबंध में पूछे जाने पर नीरज कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता द्वारा बताया गया कि भुगतान हेतु धनराशि दिनांक 12.04.2023 को प्राप्त हुई है यथाशीघ्र ही किसानों का भुगतान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता को निर्देशित किया कि निर्धारित समयान्तर्गत किसानों का भुगतान किया जाए। केन्द्र प्रभारी को कृषकों से अधिक से अधिक सम्पर्क कर खरीद बढ़ाने एवं मानक व गुणवत्ता के अनुरूप गेहूँ क्रय करने के निर्देश दिया गया।